8- FEB- BSP- P-1_Layout 1 2/9/2025 12:45 AM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 9 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री


लोफंदी गांव में फागिंग मशीन से छिड़काव करते कर्मचारी। इसके पहले कभी गांव में फागिंग वाले नहीं आए थे।



## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में निःशुल्क चिकित्सा आज

**बिलासपुर** | श्री वेंकटेश ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय में रविवार 9 फरवरी को सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक श्री वेंकटेश परिसर सुभाष चौक सरकंडा में निःशुल्क इलाज किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एलसी मढरिया व डॉ. बी. होतचंदानी मरीजों की जांच कर सलाह देंगे। सभी को दवा वितरण भी किया जाएगा।

### आईएमए की इंस्टालेशन सेरेमनी आज

**बिलासपुर**। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 9 फरवरी को शाम साढ़े 7 बजे से आईएमए भवन में इंस्टालेशन सेरेमनी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डा. प्रभात पाण्डेय, डा. अखिलेश देवरस, डा. सौरभ लूथरा, डा. गोपेन्द्र दीक्षित, डा. राजीव सलूजा आदि आवश्यक तैयारी में जुटे है।

### 10 से 28 तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**बिलासपुर**। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

# 20 रूपए गिलास बिकती है शराब, 8 मौत के बाद भी आबकारी अधिकारी झांकने नहीं पहुंचे

**बिलासपुर**। कोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोफंदी गांव में हुए 8 लोगों की मौत का मामला गरमा गया है। जहां एक ओर प्रशासन की टीम ने लोगों की मौत का कारण स्पष्ट नहीं होना बता रही है, वहीं सिम्स में भर्ती मरीज के परिजन ही शराब पीने से तबीयत बिगड़ने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इतनी मौतों के बाद भी आबकारी विभाग का अमला लोफंदी में झांकने तक नहीं पहुंचा है।

- विभाग की उदासीनता पर उठ रहे सवाल

मिली जानकारी के अनुसार लोफंदी गांव के आसपास और अरपा नदी के किनारे की बसाहट में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाई जाती है, यहां महज 20 रूपए गिलास में शराब मिल जाती है। शनिवार तक महुआ शराब पीने की वजह से ही 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें महज एक ही व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराया गया है, जबकि आनन फानन में बाकी शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। बताया जा रहा है कि लोफंदी में महुआ से बनने वाली शराब को जल्द से जल्द पकाने के लिए उसमें यूरिया डाला जाता है, इसकी की मात्रा बिगड़ने शराब जहरीली हो जाती है, लेकिन प्रशासन का दावा बिल्कुल अलग है। खास बात यह है कि जहां शराब से मौत होने की बात आग की तरह फैल चुकी है, वहीं आबकारी विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। शनिवार को आबकारी विभाग के कार्यालय खुले रहे, लेकिन अधिकारी नदारद थे। वहीं जिला प्रशासन व पुलिस के उच्च अधिकारी जांच करने लोफंदी पहुंच गए, परन्तु आबकारी विभाग के अफसर गांव तक नहीं गए।

### भोजन करने वाले बच्चों महिलाओं को कुछ नहीं हुआ

8 लोगों की मौत के मामले में सामूहिक भोज को कारण बता कर मौत पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन गांव में हुए वैवाहिक उत्सव में गांव के पुरुषों के अलावा महिलाओं व बच्चों ने भी भोजन किया है, ये सभी स्वस्थ हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मितानिनों से सर्व कराया है, जिसमें मौसमी बीमारियों के अलावा किसी भी व्यक्ति के गंभीर होने की जानकारी नहीं मिली है। महज दो से 4 लोगों में पेट में दर्द और असहज होने की बात सामने आई है।

### दो लोगों का चल रहा सिम्स में इलाज

लोफंदी से दो ग्रामीणों को गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती कराया गया है। इसमें राजकुमार पटेल को शुक्रवार को सिम्स लाया गया था, जबकि हेल्थ कैंप में जांच के बाद पवन कश्यप को सिम्स भेजा गया है। सिम्स पुलिस चौकी के मेमो डायरी में शराब सेवन से तबीयत बिगड़ना ही दर्ज किया गया है। जबकि डॉक्टरों ने भी अज्ञात ज़हर से तबीयत बिगड़ने की बात कही है। राजकुमार के पुत्र मनीष पटेल ने बताया कि शराब पीने से ही उसके बड़े पिताजी कन्हैया पटेल और चाचा देव कुमार की मौत हुई है, जबकि यह दोनों शादी में शामिल नहीं हुए थे। वहीं उनके पिता का इलाज सिम्स में चल रहा है, जहां से उन्हें रिफर करने की बात कही जा रही है। सिम्स में भर्ती परमेश्वरीपारा निवासी राजकुमार पटेल 50 वर्ष ने बताया कि गांव के कोमल लहरे के घर पर 20 रुपए गिलास में महुआ शराब मिली थी और सभी शराब पी कर गए थे। उसने बताया कि वे रोज़ाना अपने साथियों के साथ वहां शराब पीने जाते थे, कभी भी उनकी तबीयत खराब नहीं हुई।

**एसपी ने कोतवाली सीएसपी के नेतृत्व में बनाई 5 सदस्यी जांच टीम**

# जिसने अवैध शराब बनाई, उसकी भी हो गई मौत

**बिलासपुर**। लोफंदी में महुआ शराब पीने से ग्रामीणों की मौत के मामले में कई नए नए खुलासे हो रहे हैं। गांववालों व मृतकों के परिजन का आरोप है कि हरिजनपारा निवासी कोमल लहरे ने अवैध शराब बनाई और उसने स्वयं मृतकों के साथ शराब पी थी, दो दिन पहले उसकी भी तबियत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घरवालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

मृतक पटेलपारा निवासी कन्हैया लाल पटेल की बेटी लीला पटेल ने बताया कि 5 फरवरी को हरिजनपारा निवासी कोमल लहरे ने अवैध महुआ शराब बनाई थी। उनके पिता उनसे महुआ शराब लेकर पी थी। 6 फरवरी को उनकी तबियत खराब हुई। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया और 7 फरवरी को उनकी मृत्यु हो गई। उनका चाचा देव कुमार पटेल, राजकुमार पटेल ने उसी से शराब खरीदकर पी थी, उनके चाचा देवकुमार पटेल की भी मृत्यु हो गई। राजकुमार पटेल का इलाज चल रहा है।

इसी तरह राजू सुनहले की बेटी पूर्णिमा सुनहले ने बताया उनके पिता ने अवैध महुआ शराब पी थी, 7 फरवरी की शाम 7 बजे अचानक तबियत खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। रात 8 बजे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।




ग्रामीणों से पूछताछ करते स्वास्थ्यकर्मी।

### कोतवाली सीएसपी करेंगे मामले की जांच

एसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली सीएसपी अक्षय सभाद्रा के नेतृत्व में छह सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। जांच टीम लोगों की मृत्यु होने पर सूचना संबंधित पुलिस को क्यों नहीं दी गई, शादी पार्टी कहां हुई और उनके यहां खाने में क्या-क्या बना था, कोचियों के घर से शराब का सैंपल लेकर अन्य बिंदुओं पर जांच कर 4 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

### प्रशासनिक अधिकारी करते रहे पूछताछ

जिला प्रशासन के प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचकर मृतकों के परिजन व गांव वालों से घटना के संबंध में पूछताछ करने में लगे हुए थे। आखिरकार ग्रामीणों की मृत्यु कैसे हुई है। पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई। अधिकारियों की निगरानी में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में घर घर जाकर लोगों के परीक्षण करने में लगे हुए थे।

### स्वास्थ्य अमला कर रहा जांच

शनिवार की सुबह से स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंच गई थी और पंचायत भवन में अस्थाई अस्पताल खोलकर मितानिनों को लेकर गांव में शादी में शामिल होने वाले लोगों के घरों में जाकर जांच की जा रही थी। इसी दौरान बजरंग चौक निवासी पवन कश्यप पिता शिवराम कश्यप को तबियत खराब होने पर अस्थाई अस्पताल में भर्ती कराया गया। पड़ोसी संतराम धीवर ने बताया कि 7 फरवरी की शाम उसने अवैध महुआ शराब पी थी।



### केशरवानी ने मृतक की बेटी की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली

सूचना मिलते ही कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी, डब्बू साहू व अन्य समर्थकों के साथ गांव पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिलकर मृत्यु के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मृतक कोमल लहरे की बेटी पवित्रा लहरे की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली और दशकर्म के लिए 5 हजार की आर्थिक मदद की।

### दोषी पर होगी कार्रवाई

लोफंदी में ग्रामीणों की मौत दुखद है, लेकिन यह घटना जहरीली शराब की है या फूड पायजिनिंग की यह तो जांच का विषय है। जांच के बाद ही वास्तविकता सामने आएगी और इसमें कोई दोषी पाया जाएगा तो कार्रवाई होगी।

- सुशांत शुक्ला, विधायक बेलतरा

# शराब से मौत : कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोफंदी में महुआ शराब पीने से 8 ग्रामीणों की मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक दिलीप लहरिया के संयोजकत्व में 6 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से लोफंदी में महुआ शराब से ग्रामीणों की मौत मामले में जो 6 सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है, उसमें मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, बेलतरा प्रत्याशी विजय केशरवानी, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि सिंह, बेलतरा पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र साहू सदस्य के रूप में शामिल हैं। कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति के सदस्यों को अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़ित परिजन व स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट, चर्चा कर प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजने कहा गया है।

- मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष का अधिकारियों से हुई बहसबाजी

दूसरी तरफ घटना के बाद आज जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी लोफंदी पहुंचे और घटना को लेकर प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान श्री केशरवानी का प्रशासन के अधिकारियों के साथ काफी बहसबाजी भी हुई। श्री केशरवानी ने मृतक कोमल लहरे के पुत्री पवित्रा लहरे की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है और मृतक के दशकर्म के लिए पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद पीड़ित परिवार को की है।

# जंगल में टेंट लगाकर अवैध महुआ शराब बनाने वाले 8 गिरफ्तार, 1600 लीटर शराब जब्त

**बिलासपुर**। सीपत पुलिस ने एनटीपीसी कर्मी बनकर कोरबा जांजगीर के बार्डर स्थित जंगल में टेंट लगाकर महुआ शराब बनाते 8 लोगों को पकड़ लिया है। उनके पास से 1600 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। वहीं 8 क्विंटल लहान को नदी में बहाकर नष्ट किया गया। पुलिस ने कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- 8 क्विंटल लहान को नदी में बहाकर किया गया नष्ट

सीपत टीआई गोपाल सतपथी को सूचना मिली कि जांजगीर, कोरबा जिले के बार्डर धौराकोना के जंगल में लीलागर नदी के किनारे टेंट लगाकर ग्रामीणों के द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाई जा रही है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर श्री सतपथी ने 18 महिला व पुरूष अधिकारी व जवानों के साथ सिविल ड्रेस में एनटीपीसी का हेलमेट पहनकर जंगल में चारों ओर से घेराबंदी करते हुए दबिश देकर टेंट लगाकर अवैध शराब बनाने वाले 8 ग्रामीणों को पकड़ लिया। उनके पास से 1600 लीटर शराब बरामद की गई है।


सीपत पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार।

वहीं 8 क्विंटल लहान को नदी में बहाकर नष्ट किया गया। बताया जाता है उक्त ग्रामीण लंबे समय से बीच जंगल में अवैध महुआ शराब बनाकर पूरे क्षेत्र में बिक्री कर रहे थे। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब व टेंट का सामान जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

- अवधराम यादव पिता परदेशी यादव धौराकोना
- साधराम यादव पिता परदेशी धौराकोना
- शिवकुमार धनवार पिता दीपक दौराभाठा
- कोंदा कुमार धनवार पिता यंदर लाल धनवारी हरदीबाजार
- धनिराम धनवार पिता बहोरिक राम धौराकोना नवाडीह
- संजू धनवार पिता मंगल सिंह धौराकोना
- अंजोर कुमार धनवार पिता मत्थू राम धनवार हरदीबाजार
- रामलल्ला यादव पिता अकबर यादव धौराकोना
- अवधराम यादव पिता परदेशी धौराकोना

### रैली, सभा व प्रचार वाहनों की अनुमति के लिए सक्षम अधिकारी नियुक्त

**बिलासपुर**। पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए जारी आदर्श आचरण के दौरान रैली, सभा एवं प्रचार वाहनों की अनुमति के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी, कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं तहसीलदार को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के अनुसार चुनाव प्रचार सभाओं एवं प्रचार वाहनों में लाउडस्पीकरों के उपयोग, चुनाव सभाओं के आयोजन, जुलूस, रैली, रोड शो आदि निकालने, वाहनों की अनुमति सक्षम अधिकारियों से लेना होगा। इस आदेश के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसील मुख्यालयों की जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी, उप तहसील मुख्यालयों की जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीदार एवं कार्यपालिका दंडाधिकारी को अधिकृत किया गया है।






## खबर संक्षेप

### सिम्स के आर्थोपेडिक वार्ड में बढ़ाई गई बेड की संख्या, मरीजों को राहत




**बिलासपुर।** सिम्स अस्पताल में महिला मरीजों को के लिए फीमेल आर्थोपेडिक वार्ड का विस्तार किया गया है। शुक्रवार को डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने नए 15 बेड का उद्घाटन किया है। इसके निर्माण के बाद से महिला मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधा मिलेगी। ऑर्थोपेडिक वार्ड में बेड की संख्या 45 से बढ़कर 60 हो गई है। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बेन,और सिम्स नोडल अधीकारी स्वशासी समिति सिम्स डॉ. भूपेंद्र कश्यप ने शुक्रवार सिम्स के वार्डों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मरीजों से चर्चा की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीन डॉ. मूर्ति ने रसोई कक्ष पहुंच भोजन के गुणवत्ता जांची और डाइटिशियन को दिशा निर्देश देते हुए साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। नाश्ता और दोनों टाइम का खाना टाइम से वार्डों में पहुंचाने के लिए कहा। वार्डन के निरीक्षण के दौरान कार्यरत नर्सिंग स्टाफ डॉक्टर वार्ड व मरीज की बीमारी संबंधित जानकारी भी ली गई। किसी भी तरह की लापरवाही व कोताही न करने की चेतावनी दी गई। साथ ही समय पर ब्लड सैंपल जांच के लिए लैब भेजने व रिपोर्ट लाने के कार्यों का संपादन ध्यानपूर्वक करने की सलाह दी।

### प्रयागराज महाकुंभ में नेत्र की जांच कर दी जा रही दवाईयां




**बिलासपुर।** सक्षम ने प्रयागराज महाकुंभ में नेत्र महाकुंभ का आयोजन किया है। इसमें सक्षम छत्तीसगढ़ की ओर से पहले चरण में 14 लोग प्रांत सह सचिव अंजलि चावड़ा के नेतृत्व में अपनी सहभागिता 10 दिन के लिए दर्ज कराई । 7 एकड़ में फैले इस नेत्र महाकुंभ में हर किसी के नेत्र की जांच कर दवाई दी जा रही है। निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया जा रहा है। नेत्र महाकुंभ 5 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है और गरीब जरूरतमंद और आम जनता को निःशुल्क आंखों की जांच कर तुरंत 2 घंटे के अंदर चश्मा प्रदान किया जा रहा है। इस कार्य में प्रतिदिन 350 से अधिक सक्षम कार्यकर्ता जो देश के अलग-अलग प्रांत से आए हैं, अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिसमें प्रतिदिन करीब 50 से ज्यादा डॉक्टर नेत्र परीक्षण कर रहे हैं और 50 से ऊपर कार्यकर्ता चश्मा बना रहे हैं। पैकिंग का कार्य भी कर रहे हैं। प्रतिदिन 10-20 हजार चश्मा वितरण किया जा रहा है। 31 जनवरी तक करीब 26 लाख चश्मा निःशुल्क वितरण किया जा चुका है। कुंभ के अंत तक दो करोड़ से ज्यादा चश्मा वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भी करीब 20 डॉक्टर उपस्थित हैं। इसमें मधुमेह, रक्तचाप का भी विशेष उपचार व संपूर्ण बॉडी चैकअप किया जा रहा है। दूसरे चरण में सक्षम बिलासपुर की ओर से 16 लोग अपनी सहभागिता 10 दिन के लिए निर्मल कुमार घोष के नेतृत्व में दर्ज कराई। जिसमें शेफाली घोष, मदन मोहन गुल्ला, रेखा गुल्ला, सुमिता दास गुप्ता, प्रफुल्ल चौहान, अलका, तपस्या चौहान, राजेश, पूनम पांडेय, डी विनीता राव, कामिनी चंद्रा, आरती दांडेकर, माधुरी तिवारी आदि शामिल रहे।

### एयू ने बीएससी होम साइंस की परीक्षा के दूसरे दिन घोषित किया रिजल्ट



**बिलासपुर।** पहली बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित की गई है। इसके तहत 7 फरवरी को बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर का अंतिम पेपर हुआ और शनिवार 8 फरवरी को यूनिवर्सिटी ने उसका रिजल्ट घोषित कर दिया। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी एवं रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे व परीक्षा नियंत्रक डा. तरूणधर दीवान एवं पूरी टीम को बधाई दी है। प्रदेश में सबसे पहले परीक्षा आयोजित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी अटल यूनिर्सिटी की तारीफ की है। परीक्षा विभाग की ओर से टास्क फोर्स ग्रुप बनाया गया है, ताकि समय रहते हुए परीक्षा के दौरान आने वाली सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। विद्यार्थियों की समय रहते परीक्षा दौरान आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जा सकें। आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को देखते हुए कुछ परीक्षा तिथियों को भी संशोधन करते हुए आगे बढ़ाया गया है। अधिकांश प्राध्यापक की डयूटी भी चुनाव में लगी हुई है। एक तरफ लगातार परीक्षाएं चल रही हैं, वहीं प्राध्यापकों को निर्वाचन डयूटी भी करनी पड़ रही है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के अलावा स्नातकोत्तर की परीक्षाएं भी चल रही है। इसी बीच एमएससी आईटी फर्स्ट एवं एमएससीआईटी थर्ड सेमेस्टर का भी परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है।

### स्वास्थ्य अधिकारियों के बदले प्रभार सैमुअल बनाए गए टीकाकरण अफसर

**बिलासपुर।** जिले के स्वास्थ्य महकमें में पदस्थ अधिकारियों के प्रभार बदले गए हैं। इस दौरान वर्तमान दायित्व के साथ ही अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। सीएमएचओ द्वारा जारी आदेश के अनुसार नोडल अधिकारी डा. शुभ्रा गरेवाल को सिकल सेल, आयोडीन अल्पता, जन औषधि केन्द्र, आरसीएच व किशोर स्वास्थ्य का अतिरिक्त कार्य दिया गया है। अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. विजय मिश्रा को नर्सिंग होम्स एक्ट का नोडल अधिकारी बनाया गया है। डा. गायत्री बांधी को क्षय नियंत्रण अधिकारी और जिला लेप्रोसी अधिकारी के साथ ही क्रय समिति का अध्यक्ष और महिला उत्पीड़न समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। डा. रेणुका सैमुअल को जिला टीकाकरण अधिकारी, पीसीपीएनडीटी, एमटीपी का दायित्व सौंपा गया है। डा. बीके वैष्णव को नोडल अधिकारी एनसीडी, आईडीएसपी और प्रोटोकॉल प्रभारी बनाया गया है। डा. निखिलेश गुप्ता को स्टोर शाखा का प्रभारी बनाया गया है। डा. शिखर पाटनवार को नोडल तम्बाखू नियंत्रण, पेलिटीव केयर, राष्ट्रीय बधिरता, एनिमिया मुक्त भारी, प्रधानमंत्री जीवन धारा कार्यक्रम का नोडल बनाया गया है। डा. सौरभ शर्मा को प्रभारी हाट बाजार, एम्बुलेंस सेवाएं, शासकीय योजनाएं क्लामेंट चेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---

**यात्री गाड़ियां घंटों खड़ी रहती हैं आउटर पर** | प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर चार-पांच तक कोयला लोडेड गाड़ियां

# यात्री गाड़ियों के लिए तरस रहा प्लेटफार्म नंबर एक, पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के जिस प्लेटफार्म पर पहले यात्रियों की खचाखच भीड़ रहती थी, वही प्लेटफार्म को अब यात्री गाड़ियों के बजाय मालगाड़ी के लिए आरक्षित कर दिया गया है। यहां कुछ चुनिंदा ट्रेनों के अलावा केवल मालगाड़ी ही खड़ी दिखाई देती है।

सभी प्लेटफार्म पर मालगाड़ियों के खड़े होने की वजह से यात्री गाड़ियों को घंटों आउटर में रोक दिया जाता है, जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वहीं यात्री गाड़ियों के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक के साथ संचालित होने वाले स्टॉल के संचालक और कर्मचारी भी आराम से बैठकर यात्रियों के आने का इंतजार करते रहते हैं। एसईसीआर मुख्यालय का जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर है, जहां जोन के अनुसार यात्रियों को सुविधा दी जानी है। यह सुविधा यात्रियों को कोरोना महामारी के पहले मिल भी रही थी, लेकिन कोरोना काल के बाद यात्रियों को दी जाने वाली ज्यादातर सुविधाओं को रेल प्रशासन के अफसरों ने खत्म करना शुरु कर दिया है। वर्तमान में अभी 8 प्लेटफार्म हैं इसमें दो नए प्लेटफार्म बनाने की ओर भी काम किया जा रहा है। इस कार्य के पूरा होने के उपरांत प्लेटफार्म की संख्या 10 हो जाएगी। कई वर्षों से रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों को अनारक्षित और आरक्षित टिकिट काउंटर के अलावा वाहनों की पार्किंग, रिटायरनिंग और डारमेट्री, वेटिंग हॉल, वीआईपी रूम, सीटीआई रूम सहित आरपीएफ और जीआरपी थाना भी यहीं से संचालित किया जाता रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक से लेकर 4-5 तक में पहले मुम्बई की ओर से हावड़ा जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा उत्कल व अन्य यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। वर्तमान में प्लेटफार्म की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है, जिसके कारण यात्री परेशान हो रहे हैं।

### परिचालन पर असर नहीं

बिलासपुर रेल मंडल और सेक्शन में 250 से अधिक मालगाड़ियां और 100 से अधिक कोचिंग ट्रेनें हैं। इन सभी ट्रेनों का परिचालन मैन्यूअल आपरेंटिग के जरिए होता है। दो कोचिंग ट्रेनों की अपेक्षा मालगाड़ियों की संख्या अधिक है, इसलिए स्वभाविक है कि स्टेशन प्लेटफार्म पर मालगाड़ियां दिखाई देगी। वहीं मालगाड़ियों के कारण कोचिंग ट्रेन के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ता है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

---

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाई खुशियां

# दिल्ली चुनाव में चला मोदी मैजिक अब बनेगी आदर्श राजधानी : तोखन


दिल्ली में भाजपा की जीत की खुशियां बनाते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन।


विधायक अमर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जीत का जश्न।

**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि दिल्ली में मिली भव्य जीत के लिए दिन-रात एक करने वाले दिल्ली बीजेपी के सभी कार्यकर्ताओं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को बधाई देता हूं।

दिल्ली चुनाव में मोदी का मैजिक चला है, अब उनके नेतृत्व में दिल्ली एक आदर्श राजधानी बनेगी। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली सहित पूरे देशवासियों के लोगों में एक उत्साह है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। यह चुनाव एक संदेश है दिल्ली में अब बदलाव आएगा। यह नई राजनीति की शुरुआत है। भ्रष्टाचार को कोई भी जगह नहीं मिलेगी। हम अपनी पूरी ताकत से काम करेंगे।

### दिल्ली चुनाव में मिली थी अहम जिम्मेदारी

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने दिल्ली के चार विधानसभा में चुनाव प्रचार किए थे। जहां चारों विधानसभा के प्रत्याशी को विजय मिली। उन्होंने भाजपा दिल्ली कार्यालय में बड़ी सभा की थी। श्रीसाहू ने अपने दिल्ली स्थित निवास पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेश शुक्ला के साथ दिल्ली विधानसभा के सभी विधानसभा के युवा मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किए थे । प्रभार सीटों के घर-घर जाकर प्रचार करने सहित कई छोटी और बड़ी सभाएँ कीं थी। झारखंड के बाद दिल्ली में भी केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मेहनत का परिणाम पार्टी को मिला है।

### अमर ने ली प्रत्याशियों की बैठक

भाजपा कार्यालय में शनिवार को शहर विधायक अमर अग्रवाल ने नगर निगम बिलासपुर के सभी 70 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों की बैठक लेकर चुनाव कैंपेनिंग की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करने पर जोर दिया। बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चुनावी सभा और रोड शो के दूसरे दिन भाजपा कार्यालय में सभी पार्षद प्रत्याशियों की बैठक हुई। इस बैठक में शहर विधायक अमर अग्रवाल ने एक-एक वार्डवार प्रत्याशियों से चुनाव के स्थिति की जानकारी ली।




---

# निगम में कार्यरत अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित करेंगे: नायक

**बिलासपुर।** कांग्रेस महापौर प्रत्याशी ने शनिवार को शहर के 9 वार्डों में मतदाताओं से आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने नगर में कांग्रेस की सरकारी बनने के बाद नगर का विकास परिषद बनाकर सभी समाजिक व्यापारिक संगठनों को शामिल कर योजना बंध तरीकों से किया जाएगा। साथ ही शासकीय भूमि में बसे भूमिहिन व्यक्तियों को पट्टा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा यूजर चार्ज का युक्तियुक्त कारण करने की बात कही।

श्री नायक ने निगम के अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने 9 वार्डों में जाकर मतदाताओं से आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ वार्ड के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी उपस्थित थे। शनिवार को उन्होंने वार्ड नं 50 बैरिस्टर छेदीलाल नगर, वार्ड नं. 51 राजकिशोर नगर, वार्ड नं. 47 पं. राम गोपाल नगर, वार्ड नं. 48 बिसाहू दास महंत, वार्ड नं. 29 संजय गांधी नगर, वार्ड नं. 28 प्रियदर्शनी नगर, वार्ड नं. 27 विनोबा नगर, वार्ड नं. 32 शहीद विनोद चौबे नगर, वार्ड नं. 31 लाला लाजपतराय नगर आदि में जनसंपर्क किया। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी किशोर अहिरवार, अंकित श्रीवास, श्रीमती रजनी विश्वा साहू, शेख असलम, प्रशांत पाण्डेय, असद अहमद खान, सुश्री शहजादी कुरैशी शामिल थे। उन्होंने सभी मतदाताओं से महापौर एवं पार्षद के पंजा छाप पर मोहर लगाकर विजयी बनाने की अपील की है। जनसंपर्क के दौरान जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, विजय पांडे, पूर्व विधायक शैलेष पांडे, पूर्व शहर अध्यक्ष रविंद्र सिंह, संध्या तिवारी, सिधांशु मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेनन, पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता शिवा मिश्रा, गौरव ऐरी, हरीश तिवारी, उत्तलवार, कमलेश लौअतरे, गणेश रजक, मार्गेट बेंजामेन, रवि ठाकुर, अमरान मेनन, नंदनी ठाकुर, फराज खान, अकबर कुरैशी, बबलू खान, वाहिद अली चिस्ती, स्वर्णा शुक्ला, स्वपनिल शुक्ला, शेरू असलम, अनस पोखर, सिबली मिराज खान, ब्लॉक चुनाव प्रभारी समीर अहमद, विनोद साहू, राजेन्द्र साहू, राजकुमार तिवारी, नसीम खान, शेखर राव आदि उपस्थित थे। बुधवारी बाजार, सिरगिट्टी, करबला में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।



### नायक के समर्थन में कांग्रेस की बाइक रैली आज

नगर निगम के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक की बाइक रैली 9 फरवरी को सुबह 11 बजे सीएमडी कालेज चौक से प्रारम्भ होगी । यह रैली सीएमडी चौक से इंदिरा चौक - शिव टाकीज चौक- गांधी चौक होते हुए गोल बाजार, सदर बाजार देवकीनंदन चौक से राजेन्द्र नगर चौक जरहाभाठा मन्दिर चौक होते हुए इंदु चौक, मगरपारा चौक, ताला पारा चौक होते हुए बालमुकुंद स्कूल मिनीमाता चौक में समाप्त होगी। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने सभी कांग्रेसजनों से इस चुनावी बाइक रैली में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह रैली महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक एवं संबंधित पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन निकाली जाएगी।

---

मस्तूरी ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 को

# कलेक्टर-एसपी ने की मतदान तैयारियों की समीक्षा



**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने शुक्रवार को मस्तूरी ब्लॉक के सचिव और कोटवार की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशों के अनुरूप तमाम तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मस्तूरी ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 फरवरी को है। उन्होंने मतदान केन्द्रों की साफ सफाई, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। मतदाताओं के मार्गदर्शन के लिए संकेतक चिन्ह भी लिखने कहा है। उन्होंने स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एसडीएम प्रवेश पैकरा, जनपद सीईओ और तहसीलदार भी मौजूद थे। मस्तूरी में सचिवों और कोटवारों से कहा कि वे लोगों के बीच संदेश दें कि सब निर्भीक होकर मतदान करें। सभी को मतदान के प्रति जागरूक करने कहा। मतदानकर्मियों को लिए भी अच्छी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

---

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति की मांग

# रायपुर व गोंदिया वंदेभारत का बिलासपुर तक हो परिचालन

**बिलासपुर।** छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने जबलपुर से रायपुर और गोंदिया तक चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को बिलासपुर तक चलाने मांग की है। समिति का कहना है कि बिलासपुर रेलवे जोन मुख्यालय के साथ ही यहां से केन्द्र सरकार में मंत्री भी हैं, जिसके बावजूद बिलासपुर की उपेक्षा की जा रही है।

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति के सदस्यों के अनुसार बिलासपुर से जबलपुर व्हाया गोंदिया की दूरी 510 किलोमीटर है। इस दूरी पर वंदेभारत एक्सप्रेस का परिचालन आसानी से किया जा सकता है। दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस 550 किलोमीटर का रास्ता तय कर रही है। ऐसे में जबलपुर से व्हाया गोंदिया रायपुर तक ही वंदेभारत एक्सप्रेस चलाने का निर्णय साफ-साफ तरीके से बिलासपुर का अपमान है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय बिलासपुर में है और इसका सीधा संबंध पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय जबलपुर से वंदेभारत के माध्यम से होना चाहिए। रेल प्रबंधन लगातार बिलासपुर के साथ अन्याय कर रहा है। पहले विशाखापट्टनम से चलाई गई वंदेभारत एक्सप्रेस को रायपुर से बिलासपुर ना लाकर दुर्ग तक चलाया गया और अब जब जबलपुर से व्हाया गोंदिया वंदेभारत चलाई जा रही है तो उसे रायपुर में ही समाप्त किया जा रहा है। समिति का कहना है कि बिलासपुर से जबलपुर के लिए बड़ी संख्या में यात्री होते हैं। उन्हें तेज और आरामदायक सुविधा मिलनी चाहिए, लेकिन रेलवे केवल इस क्षेत्र से कोयला का परिवहन कर पैसे कमा रहा है और यात्री सुविधाओं के लिए इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जोन संघर्ष समिति का कहना है कि यह खेद का विषय है कि बिलासपुर में पहली बार केन्द्र सरकार में कोई मंत्री बना और यह उम्मीद थी कि अब केन्द्र सरकार से संबंधित विभागों और विशेष कर रेलवे की सुविधाओं में प्राथमिकता बिलासपुर को मिलेगी। इतना होने के बाद भी स्थिति वही है और बिलासपुर के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है।

---

# बिलासा एयरपोर्ट के डीपीआर एक्सप्रेशन का इंटरेस्ट टेंडर नहीं




**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट एक्सप्रेशन का इंटरेस्ट टेंडर जारी नहीं करने को लेकर प्रशासन और पीडब्ल्यूडी को आड़े हाथों लिया।

■ समिति ने जताया एतराज

समिति ने कहा की 4सी एयरपोर्ट का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट कंसलटेंट द्वारा बनाया जाना है। इससे पहले कंसल्टेंट कंपनी का चयन करने अबतक टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है। एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट विमान विभाग की ओर से शुरू नहीं की गई है। बिना इस डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के 4सी एयरपोर्ट बनाना संभव नहीं है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एयरपोर्ट के नाइट लैंडिंग कार्यों में बन रही बाधा के बारे में भी जानकारी दी। सदस्यों ने कहा कि इलेक्ट्रिकल विभाग का टेंडर पुणे से जारी किया गया है। प्रथम टेंडर पर एजेंसी सामने नहीं आई है, जिससे काम अभी भी अटका हुआ है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि बिलासा एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के विस्तार व सुविधाओं के लिए भी टेंडर नहीं किया गया है। समिति के धरना में अनिल गुलहरे, रवि बनर्जी, मनोज तिवारी, आनंद वर्मा, ऋषभ रैदास, बद्री यादव, देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे, राकेश शर्मा, अभय नारायण राय, नसीम खान, चंद्र प्रकाश जायसवाल, संतोष पीपलवा, मोहसिन अली, अखिल अली साबर अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

---

ऊधमपुर तक जाने वाली ट्रेन 6 मार्च तक रद्द, यात्रियों का सफर प्रभावित

# जम्मूतवी ट्रेन के पहिए थमने से यात्री हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सप्ताह में दो दिन मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से उसलापुर होकर जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर तक जाने वाली ट्रेन 6 मार्च तक रद्द कर दी गई है। इस ट्रेन के पहिए थमने के कारण दुर्ग से लेकर उसलापुर स्टेशन से सफर करने वाले हजारों यात्रियों का सफर प्रभावित हो रहा है।

जोन और प्रदेश स्तर पर चलने वाली जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है। इस ट्रेन को रेल प्रशासन ने अधोसंरचना के नाम पर पहले चार दिन यानि 10 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया गया था। दिए गए आदेश के तहत आदेश के अनुसार उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग एवं अन्य संरक्षा संबंधित कार्य के कारण पावर ब्लाक लेने का निर्णय लिया गया। इसकी वजह से जम्मू की ओर आने-जाने वाली अप-डाउन एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश से मंगलवार और बुधवार को जम्मू जाने वाली एकमात्र जम्मूतवी एक्सप्रेस का भी परिचालन प्रभावित किया गया है। 5, 12, 19, 26 फरवरी को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-ऊधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 7, 14, 21, 28 फरवरी को ऊधमपुर से रवaाना होने वाली 20848 ऊधमपुर-दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 4, 11, 18, 25 फरवरी एवं 4 मार्च को दुर्ग से रवाना होने वाली 12549 दुर्ग-ऊधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पहिये थमे रहेंगे।

### जम्मू के पहले रोकी जा सकती है ट्रेन

यात्रियों के अनुसार जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर तक जाने वाली साप्ताहिक ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एकमात्र ऐसी ट्रेन है, जिसमें जनरल कोच से लेकर स्लीपर और एसी कोच में भी यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है। कमाने-खाने के लिए जाने वाले मजदूरों के अलावा दिल्ली और अन्य मेट्रो स्टेशन तक जाने वाले बच्चे भी इसी ट्रेन में सफर करते हैं, जिसकी वजह से ट्रेन में कई बार वेटिंग टिकिट भी क्लीयर नहीं हो पाती है। ट्रेन के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों का कहना है कि जम्मू डिवीजन में अगर काम के कारण इसे रद्द किया गया है तो ट्रेन को जम्मू स्टेशन से पहले दूसरे स्टेशन तक ले जाने के बाद वापस दुर्ग तक लाया जा सकता है। इससे यात्रियों को भी काफी राहत मिलेगी।

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी
राजकुमारी मानिकपुरी
का स्वर्गवास दिनाँक 02.02.2025, दिन रविवार को हो गया है। जिनका दशगात्र का कार्यक्रम दिनांक 10.02.2025, दिन- सोमवार को एवं तेरहवीं का कार्यक्रम दिनाँक 13.02.2025, दिन गुरूवार को रखा गया है।
स्व. राजकुमारी मानिकपुरी
स्थान :- काली मंदिर के पास, कालिका नगर, रायपुर मेन रोड, तिफरा, बिलासपुर
शोकाकुल :- मुंशी दास, कमल दास, गुलाब दास, फुल दास, मिलाप, दिलीप, शंकर, सुरज, सुमित, ओम, आयुष सोनी, अक्ष, एवं समस्त मानिकपुरी परिवार तिफरा, बिलासपुर
विनीत :- साहेबदास मानिकपुरी मो. 7869325202
नोट :- जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो कृपया इसे ही शोक पत्र समझकर पधारें।

8- FEB- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 2/9/2025 12:46 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 9 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**एजुकेशन अपडेट**

## इग्नू में नए प्रवेश और पुन: पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 15 फरवरी तक

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जनवरी, 2025 सत्र के लिए ओडीएल/ऑनलाईन मोड में नए प्रवेश और पुनःपंजीकरण की तिथि 15 फरवरी 2025 तक बढ़ायी गई। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बिजय कुमार साहू ने बताया कि इग्नू द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए जनवरी 2025 सत्र में ओडीएल / ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश में नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की तिथि पुनः 31 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 15 फरवरी 2025 तक कर दी गई है। नामांकन के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर व पी.जी. डिप्लोमा एवं छह माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी उपलब्ध है, जिसके लिए निर्देशन वेबसाईट पर उपलब्ध है। इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केन्द्रों में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। प्रवेश ऑनलाईन लिंकः https://ignouadmission.samarth.edu.in/ री-रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन लिंकः https://onlinerr.ignou.ac.in/ है।

### इन वर्गों के लिए निशुल्क नामांकन का प्रावधान

इससे पूर्व पंजीयन की तिथि 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित था। आवेदन करने वाले उम्मीदवार चाहे तो इग्नू के आधिकारिक वेबसाईट www.ignou.ac.in पर जाकर कॉमन प्रोस्पेक्टस डाउनलोड कर दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी क्षेत्रीय केन्द्र, रायपुर में स्वयं उपस्थित होककर इग्नू के हेल्प डेस्क पर कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए बी.ए., बी.कॉम, व बी.एस.सी. (सभी सामान्य) में निःशुल्क नामांकन का प्रावधान है।

**आयोजन**

## ब्राम्हण युवा आयाम ने किया 31 बटुकों का उपनयन संस्कार




**बिलासपुर।** ब्राम्हण युवा आयाम द्वारा सरकंडा स्थित मुस्कान भवन में 31 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया, जिसमें रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर चाम्पा, बलौदा बाजार, लोरमी मुंगेली सहित पूरे प्रदेश से आए बटुकों का पूरे विधि विधान से उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया गया।

छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सामाजिक संगठन ब्राम्हण युवा आयाम ब्राम्हण समाज के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयोजन आयोजित करता है, जिसमें महत्वपूर्ण आयोजन उपनयन संस्कार है, जिसमें 31 बटुकों के साथ 500 से ज्यादा विप्रजन शामिल हुए। ब्राम्हण युवा आयाम द्वारा हर वर्ष उपनयन संस्कार कार्यक्रम करवाया जाता है, अभी तक पांच सौ से ज्यादा बटुकों का उपनयन संस्कार करवाया जा चुका है। बटुकों के उपनयन संस्कार में मुख्य आचार्य पं. चंद्रशेखर मिश्रा एवं सह आचार्य पं. रविन्द्र उपाध्याय थे। बटुकों को जनेऊ, तिलक एवं चोटी का महत्व बताया गया। साथ ही वैदिक मंत्रों से उनका उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। इस मौके पर अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय, रविन्द्र उपाध्याय, विष्णु शुक्ला, रतिन्द्र उपाध्याय, सौरभ तिवारी, आकाश तिवारी, डा. क्रांति शास्त्री, हर्ष तिवारी, कमलेश दुबे, सचिन कुमार पाण्डेय, शुभम पाठक, ऋषभ शर्मा, संतोष उपाध्याय, सार्थक उपाध्याय, महिला विंग से मुक्ता उपाध्याय, डा. वीणा तिवारी, रजनी शुक्ला सहित ब्राम्हण युवा आयाम के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

**500 से ज्यादा विप्रजन हुए शामिल**

**शिविर**

## भारत पुन: बनेगा विश्व गुरू : बीके नीता



**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में इन दिनों पॉजिटिव थिंकिंग की क्लासेस चल रही है। इसमें शनिवार को बीके नीता ने कहा कि आज मनुष्यों की सबसे बड़ी आवश्यकता शांति है। आत्मा ने जब तक शरीर धारण किया है तब तक इस कलयुगी दुनिया में शांति मिल नहीं सकती है। सच्ची शांति शांतिधाम में ही मिल सकती है। परमात्मा द्वारा स्थापित सतयुग त्रेता में पूरे विश्व में शांति थी। अब परमात्मा पुनः सतयुग की स्थापना कर भारत को विश्व गुरू बनाने का कार्य कर रहे हैं। परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनने का यही समय है। जिससे हम श्रेष्ठ भाग्य बना सकते हैं।

**शिव अनुराग भवन में चल रही पॉजिटिव थिंकिंग क्लासेस**

अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह विरासत का आगाज, आज समापन पर होगा कवि सम्मेलन

# उभरते युवा कलाकारों ने दी समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति

कला विकास केंद्र द्वारा नृत्याचार्य स्तंभ कला गुरु पं. फिरतू महाराज की स्मृति में दो दिवसीय अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह विरासत का आयोजन देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में शनिवार से किया गया है। इसमें केंद्र के उभरते युवा कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगना सुश्री बासंती वैष्णव एवं पं सुनील वैष्णव के निर्देशन में समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति दी।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजन के प्रथम दिवस शनिवार को कार्यक्रम का उद्घाटन साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, तंत्र वेत्ता आचार्य पं. गिरधर शर्मा की अध्यक्षता, वरिष्ठ साहित्यकार विष्णु कुमार तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के तहत कला विकास केंद्र के बच्चों ने पारंपरिक वेश में कथक की मनमोहक प्रस्तुति दी। मुंबई से आए तबला वादक सुरजीत सिंह पंजाब घराना ने तबला वादन किया। नृत्यांगना सुश्री दिशा देसाई मुंबई लखनऊ घराना ने एकल कथक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कला विकास केंद्र की ज्योतिश्री वैष्णव, ऋषिका साव, सृष्टि गर्ग, दिलावर सिंह लोनिया, चंद्र प्रकाश खत्री, रत्न शुक्ला, सुमन तिवारी, श्रीनिवास गर्ग, दिलीप इज़रदार, मिलेश कुमार, रोशन, याचना वैष्णव, आत्मिक दुबे का सहयोग रहा।

### शास्त्रीय गायन व सितार वादन आज

समापन समारोह केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य एवं पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली की अध्यक्षता में संपन होगा। विशिष्ट अतिथि के रुप में धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, अटल श्रीवास्तव विधायक कोटा, डॉ. अजय श्रीवास्तव प्रदेश संयोजक स्पीक मैके उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक समारोह की शाम में कला विकास केंद्र के उभरते हुए नन्हें कलाकारों द्वारा सामूहिक कथक की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक मास्टर युवराज सिंह लोनिया शास्त्रीय गायन करेंगे। कोल्हापुर के प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद शाहिद परकेज के सानिध्य में वरदराज भोसले का सितार वादन होगा। सुश्री वासंती वैष्णव एवं सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार वैष्णव अपने समूह के स्वप्निल बोरकर, सृष्टि गर्ग, अनन्या श्रीवास, ओजस्विता रायल, सांईश्री इजारदार, अनुष्का मौर्य के साथ रायगढ़ घराने की विशेष प्रस्तुति देंगी। इनके साथ कला गुरु पं. सुनील वैष्णव पढ़त, लाल राम लोनिया गायन, दीपक साहू तबला, रमाकांत त्रिपाठी सितार, कुशल दास महंत बांसुरी पर संगत करेंगे। अंत में कवि सम्मेलन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन में छतीसगढ़ के जाने-माने कवि रमेश विश्वहार, बंशीधर मिश्रा, हास्य व्यंग डॉ. राजेन्द्र मौर्य अपनी कविताएं पेश करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

## शास्त्रीय वादन व संगीत की दी गई प्रस्तुति




एनईआई सभागार में स्वरनाद अंतर विद्यालय सांस्कृतिक संगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, नागपुर, रायपुर और बिलासपुर मंडल के रेलवे विद्यालयों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में थी- शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत गायन, शास्त्रीय वादन और सुगम वादन। इस प्रतियोगिता में कुल 43 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक संगीत की समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहन देना और नई पीढ़ी को इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक पूनम चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रेलवे स्कूलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एकल शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत गायन, शास्त्रीय वादन एवं सुगम वादन जैसी अनेक विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता परिचय दिया, जिससे भारतीय लोक संस्कृति की विविधता और जीवंतता को दर्शाया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए 3 सदस्यीय निर्णायक मंडल बनाए गए थे जिसमें लोकेश देवांगन, उत्तम पाठक तथा विशाल बोरकर शामिल थे ।

# श्याम भगवान का विविध फूलों से तैयार 51 मालाओं से श्रृंगार

घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में माघ मास की जया एकादशी श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इसमें भक्तों ने अपनी मनोकामना रूपी निशान ध्वज अर्पित किया। भगवान श्याम का देसी गुलाब, पुदीना, सेवंती, डच गुलाब, आर्केट, बैजन्ती सहित अन्य फूलों के 51 माला से श्रृंगार किया गया।







### निकाली गई निशान यात्रा

एकादशी पर शनिवार को सुबह बाजे-गाजे के साथ एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जो कि तिलक नगर स्थित राम मंदिर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। निशान यात्रा में श्रद्धालु भक्त हाथ में निशान लिए हुए चल रहे थे। मंदिर में भक्तों ने अपनी मनोकामना रूपी निशान ध्वज अर्पित किया।

### भजन संध्या में प्रभु का गुणगान

रात्रि में भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें रायपुर की प्रगति, प्रिया गुप्ता ने भगवान श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति से प्रभु का गुणगान किया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### मंदिर में भक्तों ने किया मनोकामना रूपी निशान ध्वज अर्पित

**बिलासपुर।** बारहों माह की एकादशी का अपना एक अलग महत्व होता है। यही वजह है कि हर एक एकादशी पर लोग व्रत रख कर भगवान श्याम, विष्णु, लक्ष्मी के प्रति अपनी आस्था जताते हैं। मंदिरों में भी विशेष पूजा-पाठ किया जाता है। बसंत पंचमी से फागुन की ठंडी हवा चलने लगती है, जो एहसास कराती है कि होली के रंग में रंगने के लिए तैयार हो जाओ। ठीक इसी प्रकार बाबा श्याम के भक्तों ने इस एकादशी अपने आराध्य को रिझाया। सजाया और फागुन के गीत गाकर फागुन की याद दिलाई। प्रातः मंगला आरती के बाद प्रभु श्याम का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। दिल्ली के फूलों से प्रभु के हुए अद्भुत श्रृंगार देख कर भक्त भाव में झूम उठे। बैंकर्स क्लब के समन्वयक ललित अग्रवाल, निशा अग्रवाल व पुत्रबहु हनी अग्रवाल इसमें शामिल हुए।

### फागुन महोत्सव अगले माह

मंदिर परिसर के अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि अगले महीने 3 दिवसीय भव्य फागुन महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें विराट भजन संध्या आयोजित कर फूलों की होली खेली जाएगी। भव्य निशान यात्रा निकाल कर सवामानी भोग लगाए जाएंगे। अन्य विविध आयोजन भी होंगे।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

खेल भावना सर्वोपरि के तहत संदीपनी खेल उत्सव का समापन

# कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, वॉलीबॉल में रेड ग्रुप बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संदीपनी एकेडमी में तीन दिवसीय खेलोत्सव में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया, समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनरल सेक्रेटरी हॉकी छत्तीसगढ़ डॉ मनीष श्रीवास्तव, जॉइंट सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन विशेष अतिथि अविनाश शेट्टी, सेक्रेटरी कराटे डॉ मनीष सक्सेना, डायरेक्टर बीएस मेमोरियल क्रिकेट एकेडमी रहे। उत्सव का प्रारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के साथ किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट किया गया।

आउटडोर खेल में कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, बॉलीबॉल आदि तथा इनडोर खेल में कैरम, चेस, मिनी गोल्फ, मेहंदी और रंगोली आदि शामिल थे। विद्यार्थियों के साथ चंद इंडोर आउटडोर गेम शैक्षिक, अशैक्षिक व अन्य कर्मचारियों के लिए भी रखा गया था। प्रतियोगिता में छात्रों को 4 ग्रुप रेड, ग्रीन ,येलो,और ब्लू हाउस में बांटा गया जिसमें रेड ग्रुप विजेता बनी। अतिथियों के द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट तथा मेडल दिया गया एवं विजेता टीम रेड हाउस को स्पोर्ट्स ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के संरक्षक डायरेक्टर संदीपनी एकेडमी महेंद्र चौबे एवं प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे रहे। समिति के सदस्य डॉ दीप्ति सिंह राठौड़, दीपा प्रजापति, हरीश रजक, शिल्पा सिंह व अभिषेक के संचालन में यह संपूर्ण खेल उत्सव का रहा। संपूर्ण कार्यक्रम में प्राचार्यगण पी महेंद्र वर्मन, प्राचार्य नर्सिंग विभाग डॉ रीता सिंह, राम खिलावन साहू, देबोजित मुखर्जी, एडमिन संजीव साहू सभी शिक्षक व नॉन टीचिंग का सहयोग रहा।





8-FEB-REGNOL-pg-4-COMMAN_Layout 1 2/8/2025 11:55 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## बर्ड फ्लू रोकने गठित की गई रैपिड रिस्पांस टीम

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार पक्षियों में संक्रामक बीमारी बर्ड फ्लू की रोकथाम एवं सतत निगरानी के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। टीम के द्वारा जिले के सीमा क्षेत्रों में सड़क मार्ग से परिवहन कर लाए जा रहे कुक्कुट पक्षियों की निगरानी की जा रही है। साथ ही जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसके मो 7477090794 पर सम्पर्क कर आम नागरिक पक्षियों की असामान्य मृत्यु की सूचना दे सकते हैं। उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ आरएम त्रिपाठी ने बताया कि जिले में बर्ड फ्लू की रोकथाम एवं सतत निगरानी हेतु जिले के ग्राम करूपान, घोरपुरा, झझपुरीखुर्द, तरईगांव अंतर्गत 6 पोल्ट्री फर्मों का टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पोल्ट्री पोल्ट्री के मालिकों को बर्ड फ्लू के लक्षण, सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही जिले में चिकन, मीट, अंडा दुकान के मालिकों से सम्पर्क कर आगामी आदेश तक जिले के बाहर से मुर्गा, मुर्गी क्रय न करने की समझाईश दी गई।

**निधन**

### शोभनाथ पाल



**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त इंजीनियर एवं सिद्धार्थ नगर व्यापार विहार निवासी शोभनाथ पाल का 8 फरवरी को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी को दोपहर 1 बजे भारती नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संतोष पाल के पिता थे।

### डॉ. मनीष बुधिया



**बिलासपुर।** शहर के जाने माने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष बुधिया का गंभीर बीमारी से शनिवार की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 11.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हरिप्रसाद व शारदा बुधिया के पुत्र, डॉ रश्मि बुधिया के पति एवं श्रेयांश व डॉ दिव्यांश के पिता थे।

### ज्योत्सना बसाक



**बिलासपुर।** ज्योत्सना बसाक का 8 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी को तोरवा मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे रेलवे के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी रतन बसाक की पत्नी, तनुश्री एवं रिमी बसाक की मां थीं।

### आरएन चक्रवर्ती



**बिलासपुर।** रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी विवेकानंद नगर मोपका निवासी आरएन चक्रवर्ती का 7 फरवरी को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे असित चक्रवर्ती के पिता थे।

### रघुवीर प्रसाद देवांगन



**बिलासपुर।** केंवट पारा निवासी रघुवीर प्रसाद देवांगन का 8 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया। वे ओमकार प्रसाद देवांगन के पिता थे।

### राजकुमार यादव



**मुंगेली।** करही निवासी ग्राम पंचायत सुरीघाट के सचिव राजकुमार यादव का 6 फरवरी को निधन हो गया। वे रवि एवं रितेश के पिता तथा रामधनी एवं राजीव के अग्रज थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम करही में हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### मधु कश्यप



**तखतपुर।** निगारबंद निवासी मधु कश्यप 45 वर्ष का 8 फरवरी को निधन हो गया। वे तुलसी कश्यप की पत्नि थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निगारबंद में किया गया।

### जय नाथ सिंह

**बिलासपुर।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के चाचा जय नाथ सिंह का निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 फरवरी को पंडरिया में किया गया।

### प्रत्याशियों के बीच चल रहा पोस्टर वॉर

# पोस्टर से पटे गली-मोहल्ले, औपचारिकता साबित हो रही खर्च की मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगरीय निकाय चुनाव में गलियों एवं सड़कों में चुनावी बैनर एवं पोस्टर अटा पड़ा है। पार्टियों के कितने झंडे, बैनर, पोस्टर किस प्रत्याशी ने लगाए है, ये जानना मुश्किल साबित हो रहा है। इसके चलते बैनर पोस्टरों के खर्च की मानिटरिंग महज औपचारिक साबित हो रही है।

मतदान नजदीक आते ही वार्ड प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ घर–घर दस्तक देने में जुटे हुए है। वहीं दूसरी ओर उनके समर्थक गली–मोहल्लों में बैनर पोस्टर चिपकाने का काम निरंतर जारी रखे हुए है। शहर के अधिकांश गली–मोहल्लों में चुनावी बैनर एवं पोस्टर अटा पड़ा है। वार्डो में फोटोयुक्त पोस्टरों की गिनती तो आसानी से की जा सकती है, लेकिन पार्टी के कितने झंडे किस प्रत्याशी ने लगाए है, ये जानना मुश्किल साबित हो रहा है। इसके चलते बैनर पोस्टरों के खर्च की मानिटरिंग महज औपचारिक साबित हो रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों के दावो के मुताबिक खर्च की मानिटरिंग के लिए टीम बनाई गई है।



गली–मोहल्ले में अटे पड़े पोस्टर बैनर।

नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद पद के लिए खुद को मजबूत और बेहतर साबित करने पोस्टरवार जमकर चल रहा है। वार्डो की हर गलियों और रास्ते प्रत्याशियों के बैनर–पोस्टर से अट गए है। वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तर्ज पर इस बार प्रत्याशियों के कटआउट भी नजर आ रहे है। वार्ड चुनाव में पहली बार कटआउट से प्रचार ने भी अपनी जगह बनाई है। गली–मोहल्लों में बैनर एवं पोस्टर युद्ध चल रहा है जिसमें एक–दूसरे प्रत्याशी के बैनर पोस्टर के ऊपर दूसरे प्रत्याशी की पोस्टर लगाने की भी शिकायतें आ रही है।



## लोरमी ब्लॉक में 10 सरपंच व 764 पंच विर्विरोध निर्वाचित

**लोरमी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उल्टी गिनती प्रारंभ हो गई है, जिसके लिए प्रसाशनिक अमला युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा है। पंच, सरपंच सहित जनपद सदस्य के कुल 1518 पद के लिए 3907 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के गृहग्राम डिंडौरी सहित 10 सरपंच एवं 764 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। रिटर्निंग अफसर शेखर पटेल ने बताया कि ब्लॉक के 2122 पंच पद में 764 निर्विरोध चुने गए 1358 वार्ड में 3169 प्रात्याशी चुनाव में है। वही अगर ब्लाक में सरपंच 147 है जिसमें दो पंचायत बोइरहा एवं बिजराकछार में नामांकन नहीं भरा गया एवं 10 पंचायत के सरपंच निर्विरोध चुने गए जिसके बाद 135 पंचायतों में 619 लोग चुनावी मैदान में है। साथ ही 25 जनपद क्षेत्र के लिए 119 प्रत्यशी चुनावी मैदान में है। ग्राम पंचायत डोंगरिगढ़, धनियाडोली, साल्हेघोरी, देवरहट, खोपरीडीह, लाखासार, छपरवा, अचानकमार, एवं डिंडौरी (चि) में निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित 10 सरपंचों को रिटर्निंग अफसर शेखर पटेल, सीईओ एवं पंचायत निरीक्षक आरके पात्रे ने प्रमाण पत्र वितरित किया।



चुनावी घोषणा पत्र जारी करते कांग्रेस नेता।

# मुंगेली कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

**मुंगेली।** नगर पालिका अध्यक्ष के कांग्रेस प्रत्याशी रोहित शुक्ला ने अपना वचन घोषणा पत्र जारी कर जनता से कई अहम वादे किए हैं। उनके वचन पत्र में आगर नदी के तट का सौंदर्यीकरण व चौपाटी निर्माण, शहर का सौंदर्यीकरण, जल आपूर्ति सुधार, खेल सुविधाओं का विकास, ऑटो, ई-रिक्शा स्टैंड एवं चौकों के सौंदर्यीकरण समेत कुल 16 प्रमुख बिंदु शामिल हैं।

- सौंदर्यीकरण, जल आपूर्त सहित 16 बिंदुओं को किया गया शामिल

कांग्रेस प्रत्याशी रोहित शुक्ला ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, अनुराग सिंह, अर्जुन तिवारी, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, श्याम जायसवाल, आत्मा सिंह क्षत्रिय, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा की उपस्थिति में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। श्री शुक्ला ने कहा कि अगर जनता उन्हें मौका देती है, तो वे शहर के समग्र विकास को प्राथमिकता देंगे और सभी वादों को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम करेंगे। युवा कांग्रेस प्रत्याशी रोहित शुक्ला ने अपने कोरोना काल के समय जनहित में किए गए कार्यो के बारे में बताते हुए कहा कि वे आगे भी लोगों के लिए समर्पित ढंग से काम करेंगे।

# सीआईडी अफसर बनकर की 7 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** फर्जी सीआईडी अधिकारी बनकर 7 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 8 नवम्बर 2023 की शाम करीब 4 बजे सफेद रंग की मारूति सुजुकी डिजायर सीजी 10 एक्यू 5861 से आने वाले एक व्यक्ति ने खुद को सीआईडी अधिकारी बताते हुए अवध लाईफकेयर हॉस्पिटल करही के संचालक डॉ अवधेश कुमार सिंह के साथ 7 लाख रूपए की धोखाधडी कर दी।

शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना मे लिया था। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया



पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी के आरोपी।

कि आरोपी स्मिथ सेठी ने महासमुंद में भी इसी प्रकार की घटना की थी, जिस पर महासमुंद पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 319(2) के तहत आरोपी स्मिथ सेठी पिता अभेराम सेठी उम्र 40 वर्ष निवासी सोहिया झालपाडा भुनेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी दौरान मुंगेली कोतवाली पुलिस को महासमुंद पुलिस से आरोपी द्वारा डॉक्टर के साथ ठगी की बात स्वीकारने की जानकारी प्राप्त हुई। जानकारी पर पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर 6 फरवरी को आरोपी स्मिथ सेठी को महासमुंद जेल से गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में लिया गया। उक्त कार्रवाई में प्रभारी थाना सिटी कोतवाली मुंगेली उप निरीक्षक गिरिजाशंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक रोशन टण्डन, प्रधान आरक्षक खाण्डेकर, भुवन चतुर्वेदी, दिलीप साहू, आरक्षक रवि श्रीवास, मनोज टंडन एवं जलेश्वर कश्यप की भूमिका रही।

## जिला स्तरीय टीम ने रोका 2 नाबालिगों का विवाह

**मुंगेली।** जिला स्तरीय टीम ने मुंगेली अंतर्गत दो नाबालिग बालिकाओं का विवाह रूकवाया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार बाल विवाह को रोकने के लिए महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि मुंगेली अंतर्गत दो नाबालिग बालिकाओं के विवाह की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों को दुष्परिणाम बताते हुए बाल विवाह नहीं कराने की समझाईश देते हुए विवाह को स्थगित कराया। इस दौरान परिजनों ने बाल विवाह नहीं कराने की सहमति भी दी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत विवाह के लिए लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह कराए जाने पर 2 वर्ष की सजा के साथ 1 लाख रूपए का जुर्माने का प्रावधान है।

# फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम में 295 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**मुंगेली।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा में स्वास्थ्य शिविर एवं फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया एवं उपस्थित सभी छात्र-छात्रओं का कक्षावार स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रणय वैष्णव ने 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन के बारे में सभी बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं दवा सेवन के लिए प्रेरित किया।

उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं, 12वीं तीनों संकाय के 128 विद्यार्थियों एवं हिन्दी माध्यम हाई एवं हायर विभाग से 167 विद्यार्थियों सहित कुल 295 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण टीम में ग्रामीण चिकित्सा सहायक हेमू राम साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक जित्तु कुमार साहू, योगेश्वर ध्रुव, फार्मासिस्ट सुनील साहू, स्टाफ नर्स हेमशा मरावी, एएनएम भारती पात्रे, वार्ड ब्याय पंकज पात्रे उपस्थित रहे। शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस



फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षक।

कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रारंभिक अवस्था में किसी भी बीमारी की पहचान हो जाने से नियमित इलाज से किसी भी रोग से निजात पाया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में व्याख्याता पंकज मिश्रा, राहुल वर्मा, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## पाली में रामचरित मानस एवं अखंड नवधा रामायण



**लोरमी।** ग्राम पाली के पालेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में 9 दिवसीय रामचरित मानस कथा एवं अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया जिसमें कथा वाचक कामाक्षी पयासी मिश्रा श्रीराम के चरित्र का बखान कर उसे आत्मसात करने का आह्वान किया। अंतिम दिन ग्रामीणों ने हवन अनुष्ठान कर पाली मंदिर परिसर में कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धलुओं को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने देवेंद्र प्रताप, कृष्ण कुमार दास, हितेंद्र प्रताप सिंह, आचार्य राजेश दुबे, लुकेश दुबे, सालिक दुबे, लक्ष्मी प्रसाद, प्रशांत पांडे, सुरेश दुबे, जितेन्द्र तिवारी सहित ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए बनाए गए 10 परीक्षा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और शाम 3 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 3 हजार 3 सौ 73 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

- दो पालियों में होगी परीक्षा, 3373 परीक्षार्थी होंगे शामिल

परीक्षा केन्द्रों में राज्य लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने बताया कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा। परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। सहायक नोडल अधिकारी रामनाथ गुप्ता ने बताया कि परीक्षार्थी को निर्धारित केंद्र में ही परीक्षा देने की पात्रता होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त पहचान प्रमाण पत्र आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, वोटर आईडी आदि की मूल प्रति लेकर आने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

**इन केन्द्रों में होगी परीक्षा**

डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय महाविद्यालय, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय, बीआर साव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, जेसीस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, शासकीय उमा विद्यालय करही, स्वामी आत्मानंद विद्यालय दाउपारा, शासकीय उमा शाला नगर पालिका, सरस्वती शिशु मंदिर विवेक विहार पेंडाराकापा, शासकीय कन्या विद्यालय और एसएलएस एकेडमिक विद्यालय सहित कुल 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।



## एबीवीपी ने किया नगर खेल कुंभ का पोस्टर विमोचन

**जरहागांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 14 से 16 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले नगर खेल महाकुंभ का पोस्टर विमोचन शनिवार को जरहागांव में हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उमेश साहू व राजू बिस्वास, नगर सह मंत्री गोपाल गुप्ता, कॉलेज मंत्री रूपेंद्र यादव, नगर उपाध्यक्ष पंकज गंधर्व, नगर विद्यालय प्रमुख देवेंद्र साहू जसवंत जायसवाल देव श्रीवास, आशीष जायसवाल, आयुष यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक उमेश साहू ने बताया कि जरहागांव में तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 14 फरवरी को नवीन महाविद्यालय मिनी स्टेडियम में होगा। 14 से 16 फरवरी चलने वाले खेल महोत्सव में कबड्डी, क्रिकेट, शतरंज, खो-खो, जलेबी दौड़, फुटबॉल व रनिंग आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## सुजीत के समर्थन में घर-घर पहुंच रहीं महिलाएं



**लोरमी।** भाजपा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुजीत वर्मा के पक्ष में महिलाओं ने घर-घर जाकर देकर वार्ड 11, 12 व 14 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। एवं महतारी वंदन का सीधा फायदा बताकर भाजपा को समर्थन देने की अपील की। सुजीत वर्मा ने कहा अरुण साव के नेतृत्व में भाजपा विकास का रास्ता नगर पालिका के लिए खोल चुकी है। सेवक बनकर नगर में कार्य करने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि मेरे जैसे सामान्य परिवार के लड़के को भाजपा ने अवसर प्रदान किया है। आप लोग आर्शीवाद प्रदान करने आगे आएं और नगर में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने के लिए भाजपा को चुनें। इस अवसर उनके साथ में वार्ड पार्षद प्रत्याशी सहित रामेश्वर बंजारे, विनय साहू, गुरमीत सलुजा, शैलेन्द्र सलूजा, दिनेश साहू, मिंटू छाबड़ा, अमिताभ तिवारी तामेश्वर साहू, मुकुल तिवारी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पिंटू कश्यप, विजय राजपूत एवं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी पूजा ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



**तखतपुर।** अध्यक्ष प्रत्याशी रविंदर पूजा मक्कड़ ने शनिवार को जनसंपर्क करते हुए लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पूजा मक्कड़ ने कहा कि आप लोग अपना स्नेह इसी तरह बनाए रखें और 11 फरवरी को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाएं ताकि तखतपुर में एक मजबूत परिषद की स्थापना हो सके। नगर विकास का जो सपना हम सभी ने देखा है आप सभी के सहयोग से वह निश्चित रूप से साकार होगा। उन्होंने वार्ड क्रमांक 8 और 9 में जनसंपर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से पूर्व में भी हम नगरपालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं, एक बार फिर से आप सभी अपना स्नेह और आशीर्वाद कांग्रेस के प्रत्याशियों को दे और उन्हें नगर पालिका परिषद भेजें।

## ड्यूटीरत कर्मचारियों ने मतपत्र से किया मतदान

**मुंगेली।** निर्वाचन कार्य हेतु ड्यूटीरत कर्मचारियों ने शनिवार को जिला कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 121 एवं 124 में स्थापित सुविधा केंद्र पहुंचकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर मतदान कर्मियों में उत्साह देखा गया, साथ ही उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग कर खुशी व्यक्त की। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि मतदान कार्य में लगे सभी पात्र अधिकारी एवं कर्मचारी 9 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर्तव्य मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल सहित अन्य निर्वाचन टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं अपने आसामी अभिनव यादव पिता राम अवतार यादव निवासी वार्ड नंबर 14 स्टेशन रोड ग्राम महमंद बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत हो होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा मोपका प.ह.नं 19/29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 1233/3 रकबा 0.0280 हेक्टेयर है, जो कि सुकमत बाई पति अघोरीराम बघेल निवासी लाफा कटघोरा कोरबा के नाम पर दर्ज है उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।

अगर किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक/ निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपति है तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज संहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
वेद प्रकाश विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
9907444307, 99812 97592

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री नवीन जादवानी एवं श्री अमित जादवानी दोनों के पिता स्व. श्री किशनचंद जादवानी निवासी जरहाभाठा बिलासपुर के नाम पर मौजा जरहाभाठा तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूकी का खसरा नं. 56/15 स्तार क्रमांक 4, भूखण्ड क्रमांक 249, रकबा 1008 वर्गफुट एवं इसी से लगा हुआ प्लॉट जो कि श्री नवीन जादवानी पिता स्व. श्री किशनचंद जादवानी एवं विद्या देवी जादवानी पति स्व. श्री किशनचंद जादवानी के नाम पर खसरा नम्बर 56/12 रकबा 3906 वर्गफुट कुल 2 खसरो का कुल रकबा 4104 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- मुकेश लालचंदानी
पिता श्री प्रताप कुमार लालचंदानी
निवासी- राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने, वर्मा टावर गली, सिन्धी कालोनी बिलासपुर
मो. 8966000003, 8966000009

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी बसंत चौरसिया पिता श्री भादी चौरसिया, उम्र 43 वर्ष, जाति चौरसिया, व्यवसाय व्यापार निवासी शिवाजी मार्ग, टिकरापारा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 1594/1, 1595/1 व 1595/2 रकबा क्रमशः 1.40 एकड़ 0.45 एकड़ व 0.45 एकड कुल रकबा 2.30 एकड़ भूमि ग्राम मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, तह. एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसे भूमिस्वामी द्वारा मेरे आसामी के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय करके एडवांस प्राप्त किया गया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में होना निश्चित है, यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध मे किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय, अर्धशासकीय, महाजन, किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह ) दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है, समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।
दिनांक : 08.02.2025
स्थान - बिलासपुर

भवदीय
Lavkush Kumar Sahu
Advocate
Enrollment No. C.G/84/2015
Unique Code-2410
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur (C.G.)
Mob. No. 9893837240

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

# जाम से जूझता बिलासपुर

**बिलासपुर में बढ़ते वाहनों और जाम की स्थिति से राहगीर परेशान हैं। प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। अतिक्रमण, गलत पार्किंग और बाइपास कनेक्टिविटी की कमी जैसी समस्याएं शहर में जाम की स्थिति को और बिगाड़ रही हैं, जिससे शहरवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। अब जरूरी हो गया है कि इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाए।**

## इनके विचार

### प्रशासन अपने स्तर पर कर रहा काम



बिलासपुर में ट्रैफिक सुधारने के लिए पुलिस और प्रशासन अपने स्तर पर काम कर रहा है। लोगों से भी अपील की जाती है कि वे जागरूक हों। मुख्य सड़क पर गाड़ियां पार्क ना करें। देखा जाए तो शहर में ट्रैफिक की समस्या उतनी बड़ी नहीं है बस मिलकर काम करने की जरूरत है। मुख्य रूप से चार पांच सड़के हीं हैं जिसमें ट्रैफिक रहता है। इमलीपार रोड बन जाने के बाद एक और वैकल्पिक सड़क शहर को मिल जाएगी। इसके साथ ही जिले में हादसों के लिहाज से ब्लैक स्पाट चयनित किए जा रहे हैं। लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। फैक्ट्रियों को भी इस बारे में निर्देश दिया गया कि कर्मचारियों और मजदूरों का हेलमेट के बिना प्रवेश ना दें। कोचिंग सेंटर और कालेजों में भी इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। कई सड़कों पर रोड इंजीनियरिंग की समस्या है। इस बारे में निर्माण एजेंसियों को पुलिस की ओर से पत्र लिखा गया है।

– **रजनेश सिंह**, पुलिस अधीक्षक

### बाइपास सड़कें भी बनानी होंगी



ट्रैफिक की समस्या हल करने के लिए बड़े स्तर पर प्लानिंग करनी होगी। कई रास्तों को वन वे किया जा सकता है। इसके लिए लेकिन बाकी सड़कों को चौड़ा करने के साथ ही बाइपास सड़के भीं बनानी होंगी। खास तौर पर फुटपाथ को सड़क से कम से कम चार फिट ऊंचा उठाना होगा। इससे दोनों में अंतर रहेगा और कब्जा कम होगा। इसके साथ ही अतिक्रमण अभियान को लगातार चलाना होगा। कई मामलों में सख्ती बरतनी होगी तभी लोगों की आदतों में सुधार होगा।

– **श्याम शुक्ला**, आर्किटेक्ट व सिटी प्लानर

### इस तरह की हो सकती है प्लानिंग

- शहर में पार्किंग स्पाट का चयन किया जाए
- नो पार्किंग जोन चिन्हित किए जाएं
- शहरवासियों को पार्किंग स्थल पर गाड़ी खड़ा करने के लिए प्रेरित किया जाए
- पार्किंग स्थल पर वाहनों को नहीं खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए
- फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोंगों के लिए स्थान चिन्हित किया जाएगा
- निर्धारित स्थान पर दुकान नहीं लगाने वाले हाकरों से जुर्माना वसूला जाएगा
- मालवाहकवाहन, बस, मिनी बस, टेंपो, कार, दोपहिया वाहनों के आवागमन को संचालित करने पर ध्यान दिया जाए
- शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए नो इंट्री के समय में बदलाव की समीक्षा की जाए
- इंदु चौक पर व्यवस्था में किया गया बदलाव, मगरपारा चौक में भी जाम से राहगीर परेशान
- यातायात समस्या को दूर करने अब नए सिरे से की जा रही है कवायद
- मानकों के अनुरूप नहीं बन रही योजना, व्यवस्था सुधारने के बाद भी नहीं मिल रही जाम से मुक्ति

### फोटो खींच कर ट्रैफिक पुलिस को व्हॉट्सएप करें

जिले की यातायात व्यवस्था सुधारने और उसे बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक और कदम उठाया है। पुलिस की ओर से वाट्सएप नंबर 9479193015 जारी किया गया है। इस नंबर पर आप ट्रैफिक से जुड़े किसी भी तरह की समस्या से संबंधित फोटो खींचकर सीधे अधिकारियों तक पहुंचा सकते हैं। उसका त्वरित समाधान होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की फोटो उनके नंबर के साथ भेजनी होगी। इसके बाद मोटर व्हीकल एक्ट में उन पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक शहर के लोग यातायात से जुड़कर नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध पार्किंग की सूचना अपने मोबाइल से फोटो खींचकर दे सकते हैं। कोई यदि यातायात सुधार के लिए कोई नई तकनीकी की जानकारी देना चाहे तो वह भी वाट्सएप नंबर पर सेंड कर सकता है।

## सभी को निभानी होगी जिम्मेदारी


**अब नए सिरे से हो रही कवायद, प्लान सक्सेस हुआ तो सुधार मुमकिन, नागरिकों को भी निभानी होगी जिम्मेदारी**



## बाइपास कनेक्टिविटी नहीं

### काम धीमा, चार सड़कों में से दो की फाइलें दब गईं

शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 3 वर्षों में शहर में एक लाख से अधिक चार पहिया वाहनों की बढ़ोतरी हुई है, जिससे ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। समस्या दूर करने निगम, स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यूडी ने शहर के अंदर से



चार बाइपास सड़कों के निर्माण की योजना बनाई थी। इनमें से दो पर काम चल रहा है, लेकिन गति धीमी है, वहीं दो सड़कें फाइलों में दबकर रह गई हैं। अब बाइपास कनेक्टिविटी नहीं होने से परेशानी बढ़ती जा रही है। मरीमाई मंदिर रोड का काम रुक-रुक कर हो रहा है। लिंक रोड से दीप होटल जाने वाली सड़क भी नहीं बन सकी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। बसंत विहार चौक में जाम लगता है, वहां से अपोलो जाने वाले रास्ते में एक सड़क बननी थी, जिस पर अभी काम शुरू नहीं हो सका है। इमलीपारा सड़क पर काम जरूर जारी है।

## वाहनों की संख्या बढ़ने से चरमरा गई शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। इस कारण सड़कों पर जाम लगना आम बात हो गई है।

शहर की एक दर्जन से ज्यादा प्रमुख सड़कों पर किसी भी समय जाम लग जाता है और गाड़ियों के पहिए थम जाते हैं। इस समस्या से हर कोई परेशान है। इसके बाद भी जिला प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस जाम की इस समस्या से निपट नहीं पा रही है। यही नहीं, शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन ने चौक-चौराहों का चौड़ीकरण करने से लेकर मूर्तियां व्यवस्थित करने की कोशिश की, लेकिन यह काम मानकों के अनुरूप नहीं हुआ और न ही विशेष योजना बनी। ऐसे में सुधार के बजाय व्यवस्था और बिगड़ गई। लोगों की परेशानी भी बढ़ी, तो अब नए सिरे से चल रही कवायद परवान चढ़ी तो व्यवस्था में सुधार मुमकिन है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने की तमाम कोशिशों के बाद भी लोगों को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। इस पर नियंत्रण पाने में यातायात पुलिस पूरी तरह नाकाम हो गई है। ध्यान रहे कि महाराणा प्रताप चौक पर यातायात व्यवस्थित करने के काफी प्रयास किए गए। मूर्ति व सिग्नल को लेकर भी फैसला हुआ, लेकिन बात नहीं बनी। इंदु चौक पर व्यवस्था के लिए बदलाव किया गया। मगरपारा में भी यही हुआ, लेकिन अभी भी जाम से राहगीर परेशान हैं।

### महाराणा प्रताप चौक से मंगला चौक फुटपाथ पर कब्जा



### पहले से बढ़ा समय

पहले सड़कों पर लगने वाला जाम पांच से दस मिनट में खत्म हो जाता था, लेकिन अब इसका समय काफी बढ़ गया है। महाराणा प्रताप चौक, गोलबाजार, सरकंडा पुराना पुल, नया पुल में कई बार आधे से अधिक समय के लोग फंसे रहते हैं। लोगों के मुताबिक ज्यादातर सड़कों पर जाम लगने का मुख्य कारण अतिक्रमण है। नगर निगम समय-समय पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करता है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से सड़क पर कब्जा हो जाता है। इससे पूरी यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। सिम्स रोड, गोल बाजार, शनिचरी रोड, बृहस्पति बाजार रोड, सिटी कोतवाली चौक में जाम लगने का एक मुख्य कारण यही है।

### गलत पार्किंग भी समस्या

सड़क पर गलत ढंग से पार्किंग करना भी जाम की स्थिति पैदा करता है। ज्यादातर व्यावसायिक संस्थानों में नियमानुसार पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है। कई जगह पार्किंग को दूसरा उपयोग हो रहा है। ऐसे में पार्किंग के लिए सीमित जगह होने के कारण लोग गाड़ियों को पीली लाइन के बाहर खड़ी करने के लिए मजबूर हैं। ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली जाती है, जबकि पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## शहर में सबसे खराब हालत यहां

सिटी कोतवाली से लेकर गोलबाजार व सिम्स चौक तक, इसके अलावा महाराणा प्रताप चौक, पुराना बस स्टैंड और अग्रसेन चौक की स्थिति ट्रैफिक जाम को लेकर सबसे खराब है। इन क्षेत्रों में रोजाना भारी जाम की समस्या बनी रहती है, संकरी सड़कें और पार्किंग की अव्यवस्था जाम को और गंभीर बना देती है। जाम का मुख्य कारण सड़क पर अतिक्रमण और यातायात नियमों का पालन नहीं करना है। प्रशासन को इस समस्या का समाधान शीघ्र निकालने की आवश्यकता है।

### महाराणा प्रताप चौकः पुलिस के जवान तैनात फिर भी जाम

जाम से निपटने के लिए महाराणा प्रताप चौक पर एक बड़ा पुल बनाया गया है, लेकिन इससे कोई खास फायदा नहीं हो सका है।

**पल पल जाम**

इस सड़क पर सुबह नौ बजे से लेकर रात नौ बजे तक पल-पल जाम लगता रहता है। जबकि इस चौक पर आधा दर्जन से ज्यादा यातायात पुलिस के जवान तैनात रहते हैं।




**24 घंटे वाहनों का दबावः** नेशनल हाइवे पर होने की वजह से महाराणा प्रताप चौक पर 24 घंटे भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। तिफरा ओवरब्रिज से लेकर राजीव गांधी चौक तक कभी भी जाम लग जाता है।

### सिटी कोतवाली चौकः चारों दिशाओं से गाड़ियों का दबाव

सिटी कोतवाली चौक पर चारों दिशा से बड़ी संख्या में वाहन पहुंचते हैं। यहां रोज शाम पांच बजे के बाद जाम की स्थिति बनने लगती है।

**रात में मुश्किल**

इस सड़क पर रात नौ से दस बजे तक सबसे बुरी स्थिति रहती है। इसकी वजह है कि चारों दिशा से आने वाली गाड़ियां चौक पर आकर फंस जाती हैं।



**गाड़ी निकालने में पसीना छूट जाता हैः** गाड़ियों का पासिंग कराने में यातायात जवानों के पसीने छूट जाते हैं। शाम के वक्त लोग इस चौक में आने से बचने की कोशिश करते हैं, फिर भी कोई विकल्प नहीं होने के कारण इस सड़कों का उपयोग करना पड़ता है।

### गोलबाजार मुख्य मार्गः जाम की वजह से रेंगती है गाड़ियां

राघवेंद्र राव सभा भवन से लेकर गोल बाजार तक सड़क में सुबह से ही जाम की स्थिति बनने लगती है। यहां पर गाड़ियों की अधिकतम रफ्तार महज पांच से दस किलोमीटर की रह जाती है।

**सड़क पर सामान**

इस स्थिति का बार-बार सामना पड़ता है। दुकानों के सामने खड़ी गाड़ियां भी जाम का कारण हैं।



**जाम में फंसे तो समय लगना तयः** एक किलोमीटर की दूरी तय करने में दो से तीन मिनट के बजाय 15 से 20 मिनट या कभी-कभी उससे ज्यादा समय लग जाता है। इस सड़क पर जाम में फंसे तो समय लगना तय है।

### सिम्स जाने वाली सड़कः संवेदनशील सड़क फिर भी जाम

मेडिकल कॉलेज होने की वजह से 400 मीटर की इस सड़क को संवेदनशील माना जाता है। सड़क पर 24 घंटे एंबुलेंस की आवाजाही बनी रहती है।

**अतिक्रमण वजह**

इसके बाद भी सुबह नौ बजे से जाम की स्थिति बनने लगती है। सड़क की दोनों ओर अतिक्रमण की वजह से लगातार जाम लगता रहता है।




**एंबुलेंस को भी नहीं मिलती जगहः** जाम की वजह से चंद फासले की दूरी भी एंबुलेंस तय नहीं कर पाती है। समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण कई बार गंभीर परिणाम आते हैं। यातायात पुलिस संवेदनशील सड़क होने के बाद भी यहां ध्यान नहीं देती है।

### 1 इंदु चौक में दुर्घटना का डर



इंदु चौक का आईलैंड 8 साल पहले हटा दिया गया था। चौक से दिन भर बसों और सवारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। चौक पर एक भी जवान तैनात नहीं रहता। हालांकि यहां आईटीएमएस का सिग्नल लगा है, जो कभी बंद तो कभी चालू रहता है। चौक में चारों दिशाओं से वाहनों के आने-जाने और खुला चौक होने के कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है। चौक के आसपास चारों दिशाओं में बने डिवाइडर भी छोटे हैं, जिससे राहगीरों को चौक पार करने में परेशानी हो रही है।

■ **चौक पर एक भी जवान नहीं रहता तैनात**

### 2 मगरपारा चौक बना ऑटो स्टैंड



मगरपारा चौक के आसपास के स्थान को रिक्शा और ऑटो चालकों ने स्टैंड बना लिया है। इस कारण यहां से बसों और चार पहिया वाहनों के गुजरते समय पल-पल जाम की स्थिति निर्मित होती है। चौक पर यातायात व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस का एक भी जवान तैनात नहीं रहता। इसके साथ ही आसपास बड़ी संख्या में सरकारी और निजी वाहन बीच सड़क पर खड़े रहते हैं। दुकानदारों का कहना है कि गाड़ी खड़ी होने से उनके ग्राहक नहीं आ पाते हैं।

■ **सड़क पर खड़े रहते हैं वाहन**

### 3 सिविल लाइन तिराहा खतरनाक



सत्यम चौक से यातायात का दबाव खत्म करने नगर निगम ने सिविल लाइन तिराहे से ट्रैफिक थाने के पीछे की सड़क को जोड़ दिया है। थाने के पीछे से वाहन तेज रफ्तार से चौक की ओर आते हैं। ऐसे में ईदगाह चौक और अंबेडकर चौक से आने वाले वाहनों से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। थाने के बाजू में संवेदनशील चौक होने के बाद भी यहां व्यवस्था संभालने के लिए एक भी जवान तैनात नहीं किया गया है।

■ **हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है**

## खबर संक्षेप

### कुंभ स्पेशल में लगा अतिरिक्त एसी थ्री कोच

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने महाकुंभ मेला जाने वाले यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन रायपुर-टुंडला में अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा प्रदान किया है। महाकुंभ में जाने वाले ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 08753/08754 रायपुर-टुंडला और टुंडला से रायपुर के बीच चलने वाली महाकुंभ स्पेशल एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से प्रदान की जा रही है। यह सुविधा 08753 रायपुर-टुंडला स्पेशल में 9 फरवरी को और 08754 टुंडला-रायपुर स्पेशल एक्सप्रेस में 10 फरवरी को यात्रियों कें लिए उपलब्ध रहेगी।

### दो दिन परिवर्तित मार्ग से चलेगी सारनाथ

**बिलासपुर।** कुंभ मेले के कारण कुछ दिनों के लिए दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। 11 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं 12 फरवरी को छपरा से दुर्ग के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिक्की स्टेशन पर जाएगी। यह गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंघई, वाराणसी, ओडीहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिक्की, ज्योनाथपुर, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेगी।

### अस्पताल ले जाते समय महिला की संदिग्ध मौत

**बिलासपुर।** अस्पताल ले जाते समय एक महिला की संदिग्ध मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, देवरीडीह निवासी पिंकी सेंडेन पति सतीश 46 साल शुक्रवार की रात अपने पति को सिर में दर्द होने की बात कहीं। उसके बाद दोनों सो गए। सुबह उनका पति सोकर उठा तो मृतका बदहवास लेटी हुई थी। आनन फानन में उन्होंने इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**कई वार्डों में बागी प्रत्याशियों के चलते त्रिकोणीय मुकाबला** | चुनाव परिणाम को प्रभावित करेंगे दोनों ही पार्टी के बागी प्रत्याशी

# एक दर्जन से अधिक वार्डों में कांग्रेस व भाजपा का बागी बिगाड़ रहे समीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पालिक निगम बिलासपुर के आम चुनाव में इस बार बागी प्रत्याशियों की भरमार है। भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टी के बागी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। ये बागी प्रत्याशी न सिर्फ चुनाव प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि कई वार्डों में तो इन बागियों के चलते त्रिकोणीय मुकाबला की स्थिति बन गई है और वे भाजपा एवं कांग्रेस के प्रत्याशियों को टक्कर दे रहे हैं।



इस चुनाव में भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों की सबसे बड़ी परेशानी का सबब पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ रहे बागी प्रत्याशी बने हुए हैं। यह बागी प्रत्याशी पार्टी से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर पड़े हैं। यहां तक की कई वार्डों में तो बागी प्रत्याशी चुनाव परिणाम को सी धे - सी धे प्रभावित करने की स्थिति में हैं। कुछ वार्डों में तो इन बागी प्रत्याशियों ने त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति पैदा कर दी है। स्थानीय प्रत्याशी होने के कारण मतदाताओं का भी रूझान बागी प्रत्याशियों की तरफ है। बिलासपुर नगर पालिक निगम के चुनाव में बागी प्रत्याशियों भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों की नाक में दम कर रखा है।

### इन वार्डों में प्रभावित हो रहे कांग्रेस प्रत्याशी

- वार्ड नंबर 32 शहीद विनोद चौबे नगर से कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पार्टी से बगावत कर तैयब हुसैन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इस वार्ड से कांग्रेस ने असद अख्तर अहमद खान को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा से यहां अमित तिवारी मैदान में हैं। इस तरह इस वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है और बागी प्रत्याशी तैयब हुसैन कांग्रेस प्रत्याशी को टक्कर दे रहे हैं। यहां पर 6 हजार 401 मतदाता हैं, जिनमें से 1800-2000 वोटों के बीच जीत हो सकती है।
- वार्ड 29 संजय गांधी नगर से कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर एसडी कार्टर एवं एडवर्ड मसीह बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे, इसमें से एसडी कार्टर कांग्रेस प्रत्याशी शेख असलम को टक्कर दे रहे हैं, जबकि यहां से भाजपा के मधुसूदन राव प्रत्याशी हैं। इस वार्ड में करीब 9000 मतदाता हैं और 2500-3000 वोटों के बीच जीत का फैसला होगा।
- वार्ड नंबर 68 रामकृष्ण परमहंस नगर से कांग्रेस ने पूर्व पार्षद मनीष गढ़ेवाल की पत्नी श्रीमती प्रीति गढ़ेवाल को प्रत्याशी बनाया है, जबकि यहां पर कांग्रेस की बागी निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती योगिता आनंद श्रीवास चुनाव लड़ रही हैं।
- वार्ड नंबर 21 गुरू घासीदास नगर से कांग्रेस ने जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा घृतेश को प्रत्याशी बनाया है, इन्हें अपनी ही पार्टी के बागी प्रत्याशी पूर्व पार्षद कांशी रात्रे की पत्नी रेखा कांशी रात्रे से कड़ी टक्कर मिल रही है। इस वार्ड में कांग्रेस के दो और बागी प्रत्याशी महिला सुशीला खजुरिया और गिरिजा देवी सोनी भी मैदान में हैं। इस वार्ड में लगभग 7500 वोटर हैं, जिनमें 1500 वोटों में हार-जीत का खेल हो सकता है।
- वार्ड नंबर 35 नागोराव शेष नगर में भी कांग्रेस के बागी निलेश माडेवार मैदान में हैं, जबकि यहां से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी आदेश पाण्डेय और भाजपा से आशीष गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर लगभग 600 वोटर हैं जिनमें से 1200-1500 वोटों के बीच हार-जीत तय होगा।
- वार्ड नंबर 24 राजेन्द्र नगर से प्रलय राजा शर्मा कांग्रेस के प्रत्याशी हैं और भाजपा से सुशील श्रीवास्तव के बीच मुकाबला को कांग्रेस के बागी प्रत्याशी शाहिद अब्दुल कुरैशी ने त्रिकोणीय बना दिया है। यहां करीब 5500 वोटर हैं और 1600-1700 वोटों में चुनाव का फैसला होगा। इनके अलावा भी और भी कुछ वार्डों में कांग्रेस के बागी प्रत्याशी चुनाव लड़कर समीकरण बिगाड़ रहे हैं।

### इन वार्डों में भाजपा की बढ़ सकती है परेशानी

- वार्ड नंबर 36 बसंत भाई पटेल नगर से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बंधु मौर्य के सामने पार्टी के ही दो बागी प्रत्याशी उमेशचन्द्र कुमार और सन्नी रजक हैं, जबकि कांग्रेस से संदीप बाजपेयी मैदान में हैं। उमेश पूर्व पार्षद रहे हैं, जबकि सन्नी भाजपा मंडल अध्यक्ष के पुत्र हैं। यहां पर करीब 9500 वोटर हैं और लगभग 2500 वोटों में फैसला आ जाएगा। इस तरह से यहां पर भाजपा के बागियों के चलते चुनाव काफी प्रभावित हो रहा है।
- वार्ड नंबर 16 विष्णुनगर से भाजपा के बागी भगीरथी यादव भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी मीनाक्षी यादव के वोट काट सकते हैं, जबकि कांग्रेस के श्रीमती अनिता हिमांशु कश्यप मैदान में हैं।
- वार्ड नंबर 24 राजेन्द्र नगर से भाजपा के बागी ध्रुव कोरी हैं। इसी तरह वार्ड नंबर 29 से संजय गांधी नगर से भाजपा के बागी निलेश राव निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं, जबकि पार्टी ने मधुसूदन राव को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है।
- वार्ड नंबर 61 पं. देवकीनंदन दीक्षित नगर से राजेश दुसेजा भाजपा के प्रत्याशी हैं, जबकि भाजपा के बागी भरत ज्युरानी भी चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 62 शास्त्रीनगर से भाजपा प्रत्याशी कमला जाधव को पार्टी के बागी रूपाली दुबे से सामना करना पड़ रहा है।
- वार्ड नंबर 64 महामाया नगर से भाजपा प्रत्याशी संतोष दुबे के अलावा बागी प्रत्याशी उधोराम साहू और वार्ड नंबर 39 शहीद भगत सिंह नगर से भाजपा प्रत्याशी दिनेश देवांगन के अलावा बागी प्रत्याशी गुरूभेज चावला तथा वार्ड नंबर 7 कालिका नगर से भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक के अलावा बागी जितेन्द्र भावे भी चुनाव मैदान में हैं, जो चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं।

**उसलापुर आदर्श स्टेशन में यात्री हो रहे हैं परेशान**

# चार दर्जन से अधिक ट्रेनों के लिए यूटीएस और पीआरएस के सिर्फ एक काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में बिलासपुर आने वाली चार ट्रेनों को डायवर्ट करने के साथ ही कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों की संख्या चार दर्जन से अधिक होने के अलावा यात्रियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो गई है, लेकिन हजारों की संख्या में उसलापुर स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए आरक्षण और अनारक्षित टिकिट काउंटर केवल एक है। इसके कारण काउंटर में लंबी कतार लगने से यात्री परेशान हो रहे हैं।

- 8 हजार से अधिक यात्री उसलापुर स्टेशन में हो चुके हैं डायवर्ट

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में हावड़ा-मुम्बई के अलावा नई दिल्ली और दूसरे मेट्रो स्टेशनों की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों के हिसाब से प्लेटफार्म की संख्या काफी कम है। जोनल रेलवे स्टेशन से यात्री ट्रेनों के अलावा ज्यादातर मालगाड़ियों का आवागमन होता है। ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए रेलवे ने पिछले वर्ष दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर कटनी की ओर जाने वाली चार मुख्य ट्रेन दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस और दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर एक्सप्रेस को उसलापुर स्टेशन से चलाना शुरू कर दिया है। वर्तमान में चारों ट्रेन बिलासपुर स्टेशन आने के बजाय दाधापारा से बिलासपुर बायपास होते हुए उसलापुर स्टेशन पहुंचने के बाद कटनी की ओर रवाना की जा रही है। इन चार ट्रेनों के साथ ही बिलासपुर स्टेशन के करीब 8 हजार से अधिक यात्री भी उसलापुर स्टेशन में डायवर्ट हो चुके हैं। सारनाथ, अमरकंटक, संपर्कक्रांति और जम्मूतवी के अलावा दुर्ग-अंबिकापुर, दुर्ग-कानपुर, नौतनवा, गरीबरथ, नर्मदा एक्सप्रेस सहित करीब चार दर्जन से अधिक ट्रेनों के उसलापुर स्टेशन होकर चलने के साथ ही प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या 20 से 25 हजार पहुंच गई है। स्टेशन में ट्रेन की सुविधा तो यात्रियों को मिल रही है, लेकिन सबसे अधिक दिक्कत पीआरएस और यूटीएस काउंटर में होती है।




आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर स्टेशन में अभी भी आरक्षित और अनारक्षित टिकिट लेकर सफर करने वाले यात्रियों के लिए केवल एक-एक काउंटर बने हैं, जिसमें सुबह से शाम रात तक यात्रियों की लंबी कतार लगने के कारण काफी परेशानी हो रही है।

### अमृत भारत में शामिल है स्टेशन

आदर्श स्टेशन उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है, जिसका जीर्णोद्धार 14 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। रेल प्रशासन ने इस कार्य को 32 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसमें नए विकास में स्टेशन पर आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर पहुंच मार्ग, द्वार, प्लेटफार्म शेल्टर, एलईडी नेम बोर्ड, पर्याप्त लाइटिंग, कैफेटेरिया, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, और पार्सल के लिए जगह जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, पार्किंग, सुंदरता के लिए गार्डन और डिज़ाइन किए गए साइनेज का भी विकास किया जाएगा। इस कार्य में पीआरएस और यूटीएस के काउंटर को बढ़ाने का कार्य शामिल नहीं किया गया है।

### नियम 200 से अधिक बुकिंग का


कोई भी रेलवे स्टेशन हों, उनकी कैटेगेरी रेलवे बोर्ड की ओर से तय की गई है। पीआरएस और यूटीएस का भी इस तरह का मामला है। अगर किसी स्टेशन में 200 से अधिक रिजर्वेशन फार्म की बुकिंग होती है तो वहां काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाती है। उसलापुर स्टेशन में अगर बुकिंग का आंकड़ा बढ़ता है तो काउंटर बढ़ाने पर भी काम होगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# बैंककर्मियों की नगरीय निकाय चुनाव में ड्यूटी

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में इस बार जिला सहकारी बैंकों के कर्मचारियों की ड्यूट लगाई गई है। इसके कारण किसानों को परेशानी होने लगी है। इन दिनों किसानों को बैंक से पैसा निकालने में घंटों लग रहे हैं, कर्मचारी कम होने से किसानों की परेशानी और अधिक बढ़ जाएगी।

जिला सहकारी बैंक इस समय आधे स्टाफ से काम चलाया जा रहा है, जिससे बैंककर्मियों को अतिरिक्त काम करना पड़ रहा है, वहीं कर्मचारियों पर काम का दबाव भी अच्छा खास हो चुका है। किसानों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने फरवरी में किसानों को धान का बोनस देने का वादा किया था। सूत्रों के अनुसार प्रदेश के किसानों को 800 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान का बोनस मिलेगा। ज्ञात हो कि प्रदेश में 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान की खरीदी हुई। इस दौरान किसानों को 2,300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य दिया गया। बोनस की राशि जारी होने के बाद सहकारी बैंक पर भुगतान का दबाव और अधिक हो जाएगा। हालांकि जिला सहकारी बैंक के सीईओ सुनील सोढ़ी का कहना है कि निर्वाचन विभाग में मौजूद लिस्ट के अनुसार ही कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बैंक के आधे कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगाए गए हैं, थोड़ी व्यवस्था प्रभावित हुई है, लेकिन दिक्कत वाली बात नहीं है। चुनाव अनिवार्य प्रशासकीय कार्य है। इसके अलावा राज्य के शासकीय सेवकों में वेटनेरी डाक्टर, डाक्टर, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी में कराया जाना है, इससे पहले उनकी ट्रेनिंग और अन्य प्रशासकीय कार्य में ड्यूटी लगाई जा रही है।




### डिवीजन के मंडल समन्वयक बने अग्निहोत्री

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के मंडल समन्वयक का पद विजय अग्निहोत्री को दिया गया है। मजदूर कांग्रेस के जोनल महामंत्री लक्ष्मीनारायण पीताम्बर की अनुशंसा पर पूर्व मंडल समन्वयक बिलासपुर के विजय अग्निहोत्री को एक बार पुनः मंडल समन्वयक बिलासपुर बनाया गया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152




# 7 तोला सोना सहित पकड़े गए आरोपी

**बिलासपुर।** आरपीएफ की अपराध गुप्तचर शाखा बिलासपुर की टीम ने ट्रेनों में चोरी करने के लिए बनाए अंतरराज्यीय पेपर गैंग के आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से ट्रेन में चोरी किए सात तोला सोना और अन्य सामानों की जब्ती करने के बाद जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को 58214 टिटलागढ़ पैसेंजर में एक महिला सफर कर रही थी। महिला यात्री के बैग में रखा सात तोला सोने का आभूषण कीमत 6 लाख रुपए अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। इसकी शिकायत महिला ने रेल मदद के माध्यम से की थी। वहीं यात्री ने इसकी लिखित रिपोर्ट रायगढ़ जीआरपी में की। मामला बिलासपुर स्टेशन के आसपास होने की वजह से रायगढ़ जीआरपी ने डायरी शून्य में बिलासपुर जीआरपी को स्थानांतरण कर दी। लाखों रुपए के सोने के जेवरात चोरी की शिकायत रेल मदद से मिलने पर उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद बिलासपुर आरपीएफ अपराध गुप्तचर शाखा के निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर, आरपीएफ बिलासपुर और कोरबा आरपीएफ की तत्काल एक टीम गठित की गई। शिकायतकर्ता के बताए गए हुलिए के आधार पर सीसीटीवी फुटेज और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया। शनिवार को निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर और उनकी टीम ने मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को रायगढ़ किरोड़ीमल नगर से पकड़ा। आरोपियों के पास से 6 लाख रुपए के जेवरात जब्त करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में जानकारी मिली कि सभी आरोपी यात्री सामानों की चोरी के आदतन अपराधी हैं, जो देश के अलग-अलग राज्यों में रेल यात्री संबंधित अपराध मौका पाकर करते हैं। सभी आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में मुंगेर बिहार बरियारपुर निवासी 52 वर्षीय चतुरी मंडल, जिला खगड़िया निवासी 29 वर्षीय कृष्ण कुमार राज, मुंगेर निवासी 38 वर्षीय सतीश कुमार महतो, 24 वर्षीय रबीन कुमार मंडल और 35 वर्षीय दीपक मंडल शामिल हैं।

### चोरी में अखबार का उपयोग

आरोपी आमतौर पर लोकल और पैसेंजर ट्रेन में अकेली महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाली महिलाओं को निशाना बनाते थे, जो अपना सामान लगेज कैरियर पर रखती थीं। उनमें से एक या दो सदस्य लगेज कैरियर पर बैठने की व्यवस्था करते थे। एक सदस्य यात्री से बातचीत करता और दूसरा अखबार को कवर के रूप में इस्तेमाल करता और तीसरा कीमती सामान चोरी के लिए स्क्रू ड्राइवर या तेज औजार की मदद से ट्राली बैग का जिप खोलता था।




### विशाखापट्टनम-गोरखपुर दो अतिरिक्त फेरा लगाएगी

**बिलासपुर।** विशाखापट्टनम एवं गोरखपुर के बीच दो अतिरिक्त फेरों के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेनों के परिचालन में विस्तार किया गया है। इससे रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन के यात्रियों को कुंभ स्नान में जाने की सुविधा मिलेगी।

08588 विशाखापट्टनम-गोरखपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 10 एवं 22 फरवरी को और 08587 गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से 13 व 25 फरवरी को दो अतिरिक्त फेरों के साथ रवाना होगी। विशाखापट्टनम से 22.20 बजे रवाना होकर कुंभ स्पेशल ट्रेन दूसरे दिन 13.55 बजे रायगढ़, 15.00 बजे चांपा, 16.00 बजे बिलासपुर, पेण्ड्रारोड, उमरिया और अन्य स्टेशन होकर 19.30 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी।

